बेहतर पैकेजिंग से इत्र उत्पाद को मिलेगी पहचान

कन्नौज के इत्र उद्योग के लिए पैकेजिंग पर एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

कन्नौज। भारतीय पैकेजिंग संस्थान दिल्ली की ओर से शनिवार को सुगन्ध एवं सुरस विकास केंद्र में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इसमें विशिष्ट पैकेजिंग के माध्यम से कन्नौज के इत्र को वैश्विक बाजार में पहचान दिलाने के लिए इत्र उद्यमियों को जागरूक किया गया।

उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र कन्नौज के सहयोग से आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं सीएसआईआर केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

एफएफडीसी में इत्र पैकेजिंग सेमीनार को संबोधित करते डीएम। संवाद

कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि इन तीनों संस्थानों का धरातल पर समागम इत्र उद्योग के लिए एक नवीन ऊर्जा का नवाचार होता रहेगा। इससे पैकेजिंग, विज्ञान व प्रौद्योगिकी, उत्पाद एवं उत्पाद की पैकेजिंग का समिश्रण भविष्य में दिखेगा।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने एफएफडीसी के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इत्र उद्योग के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

इससे पहले एफएफडीसी के निदेशक डॉ. शक्ति विनय शुक्ल ने एक दिवसीय कार्यशाला के बारे में जानकरी देते हुए कार्यशाला के आयोजन एवं इसके उद्देश्य के बारे में बताया।

भारतीय पैकेजिंग संस्थान, दिल्ली के निदेशक डा.तनवीर ने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से निश्चित ही कन्नौज के इत्र उद्यमी लाभान्वित होंगे। जिला उद्यम प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त धनंजय सिंह व सहायक निदेशक आमोद प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रितु त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।